गरुड़ शक्ति

भारतीय सेना के विशिष बल और **इंडोनेशियाई विशिष बल** 21 नवंबर, 2022 को शुरू हुए करावांग, इंडोनेशिया में **द्वपिक्षीय सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति'** के **आठवें संस्करण** में भाग ले रहे हैं।

//

गरुड़ शक्ति:

- **लक्ष्य:**
    - इसका उद्देश्य **दोनों सेनाओं के विशिष बलों के बीच समझ, सहयोग और अंतर्संचालनीयता (इंटरऑपरेबिलिटी) को बढ़ाना है।**
- **महत्त्व:**
    - यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं को **एक-दूसरे को बेहतर ढंग से जानने** और **अंतर्राष्ट्रीय वातावरण में आतंकवादी अभियानों, क्षेत्रीय सुरक्षा अभियानों तथा शांति अभियानों का मुकाबला** करने के **अपने व्यापक युद्ध अनुभवों को साझा करने की सुविधा** प्रदान करेगा।
    - यह अभ्यास दोनों देशों के बीच **सौहार्दपूर्ण संबंध एवं क्षेत्रीय सुरक्षा** सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण कदम है।

अन्य द्वपिक्षीय सैन्य अभ्यास:

- मैत्री (भारत और थाईलैंड)
- एकुवेरिन (भारत और मालदीव)
- हैंड-इन-हैंड (भारत और चीन)
- मित्र शक्ति और **श्रीलंका)**
- **हरिमऊ शक्ति** (भारत और **मलेशिया)**
- **कुरुक्षेत्र (भारत और सिंगापुर)**
- नोमेडिक एलीफैंट (भारत और मंगोलिया)

- शक्ति (भारत और फ्राँस)
- सूर्य किरण (भारत और नेपाल)
- युद्ध अभ्यास (भारत और अमेरिका)

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/garuda-shakti